राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

चमोली प्राकृतिक आपदा पर राज्यपाल की शोक संवेदना

जयपुर, 7 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने चमोली जिले में ग्लेशियर फटने की दुर्घटना के पीड़ितों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने ईश्वर से दुर्घटना में दिवंगत हुए लोगों के लिए शांति कामना करते हुए परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

श्री मिश्र ने आह्वान किया कि इस प्राकृतिक आपदा में लापता लोगों की तलाश के लिए राहत एवं बचाव ऑपरेशन पूरी सतर्कता और तेजी से चलाया जाए ताकि जान—माल का कम से कम नुकसान हो और स्थितियां जल्द से जल्द सामान्य हो सकें।

———